This question paper contains 15 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ........................

4505

**B.A. (Programme)/I** **C**

HINDI LANGUAGE (B)—Paper I

हिंदी भाषा (ख)—प्रश्नपत्र I

(प्रवेश-वर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिये/NCWEB के विद्यार्थियों के लिये)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** :—प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8=16

(क) नैतिकता की बुनियाद में सत्य और भ्रातृत्व है, नैतिकता एक व्यवहार है—अन्य के प्रति, खासकर जीवों के प्रति।

P.T.O.

व्यवहार के कई सूक्ष्म स्तर हो सकते हैं, जैसे किसी (जीव) के संबंध में आप मन में क्या भाव रखते हैं। सत्य में कठोरता है, भ्रातृत्व में स्नेह है। भ्रातृत्व के लिए कई शब्द हो सकते हैं, जैसे प्रेम या अहिंसा। गांधी की अहिंसा को हम नहीं लेना चाहते हैं क्योंकि यह एक ऊँचा शब्द है और शब्द की बनावट नकारात्मक है। सत्य या भ्रातृत्व, किसी एक तत्व को लेकर नैतिकता नहीं होती है। कोई अगर कह देता है कि सत्य में भ्रातृत्व अनिवार्य रूप से निहित है, तो तर्क के लिए बात सही है, लेकिन व्यावहारिक समझ इससे बनती नहीं है। भ्रातृत्व के लिए और कई शब्द हो सकते थे। बाइबल का प्रेम शायद बेहतर है। लेकिन सतही अर्थ में 'प्रेम' शब्द का इस्तेमाल बहुत ज्यादा होता है। भारतीय शब्दों में करुणा श्रेष्ठ है।

(i) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(*ii*) लेखक के अनुसार नैतिकता क्या है ?

(*iii*) लेखक ने 'अहिंसा' शब्द की बनावट को नकारात्मक क्यों कहा है ?

(*iv*) 'प्रेम' तथा 'करुणा' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) "आपने माई लार्ड! जब से भारत में पधारे हैं, बुलबुलों का स्वप्न ही देखा है या सचमुच कोई करने योग्य काम भी किया है ? खाली अपना ख्याल ही पूरा किया है या यहाँ की प्रजा के लिए भी कुछ कर्त्तव्य पालन किया है ? एक बार यह बातें बड़ी धीरता से मन में विचारिये। आपकी भारत में स्थिति की अवधि के पाँच वर्ष पूरे हो गए। अब यदि आप कुछ दिन रहेंगे तो सूद में, मूलधन समाप्त हो चुका। हिसाब कीजिए नुमायशी कामों के सिवा काम की बात आप कौनसी कर चले हैं और भड़कबाजी के सिवा ड्यूटी और कर्त्तव्य की ओर आपका इस देश में आकर कब

ध्यान रहा है ? इस बार के बजट की वक्तृता ही आपके कर्त्तव्य काल की अन्तिम वक्तृता थी। जरा उसे पढ़ तो जाइये फिर उसमें आपकी पाँच साल की किस अच्छी करतूत का वर्णन है ? आप बारम्बार अपने दो अति तुम तराक से भरे कामों का वर्णन करते हैं। एक विक्टोरिया मिमोरियल हॉल और दूसरा दिल्ली दरबार। पर जरा विचारिये तो यह दो काम 'शो' हुए या 'ड्यूटी'।"

(i) पाठ का शीर्षक एवं इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) बुलबुल किसका प्रतीक है ?

(iii) लेखक विक्टोरिया मिमोरियल हॉल और दिल्ली दरबार को 'शो' क्यों मानता है ?

(iv) यहाँ 'माई लार्ड' सम्बोधन किसके लिए है ? इस पाठ के माध्यम से लेखक ने किस पर व्यंग्य किया है ?

(ग) "कुटज क्या केवल जी रहा है ? वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफसरों का जूता नहीं चाटता फिरता, दूसरों को अपमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता, आत्मोन्नति के हेतु नीलम नहीं धारण करता, अंगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता। जीता है और शान से जीता है– काहे वास्ते, किस उद्देश्य से ? कोई नहीं जानता। मगर कुछ बड़ी बात है। स्वार्थ के दायरे से बाहर की बात है। भीष्म पितामह की भाँति अवधूत की भाषा में कह रहा है–"चाहे सुख हो या दुःख, प्रिय हो या अप्रिय जो मिल जाए उसे

शान के साथ, हृदय से बिल्कुल अपराजित होकर, ग्रहण करो, हार मत मानो!"

(*i*) पाठ का शीर्षक एवं इसके लेखक का नाम बताइये।

(*ii*) 'कुटज' हमें क्या शिक्षा देता है ?

(*iii*) 'कुटज' को लेखक ने भीष्म पितामह क्यों कहा है ?

(*iv*) आज के समय में 'कुटज' की क्या प्रासंगिकता है ?

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(*i*) लेखक की दृष्टि में जन-शिक्षा का क्या रूप होना चाहिए ?

(जन-शिक्षा)

(*ii*) पृथ्वी का मानदंड किसे कहा गया है ? (कुटज)

(*iii*) लेखक ने जंगल में रहने वालों को तथाकथित सभ्य लोगों से अधिक सुसंस्कृत क्यों कहा है ?

(बर्बरता और संस्कृति)

(*iv*) भारतीयों की आस्था-प्राकृतिक संपदा में किस हद तक है ? (फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(*v*) 'संत सीकरी में बड़े व्यस्त हैं' पाठ के माध्यम से लेखक ने आज समाज में आयी साहित्यिक, सांस्कृतिक गिरावट को किस प्रकार उजागर किया है ?

(*vi*) 'देखने' का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

(देखो मगर ध्यान से)

(*vii*) 'बहादुर' कहानी के माध्यम से लेखक समाज की किस विसंगति की ओर संकेत करना चाहता है ?

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) सत्यधन वकालत न करने का फैसला क्यों करता है ?

(*ii*) 'कट्टो में अदम्य साहस और त्याग की भावना है।' स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) 'परख' उपन्यास के नायक का नाम बताइये तथा यह भी बताइये कि वह किन लेखकों एवं चिन्तकों से प्रभावित था ?

(*iv*) कट्टो का नाम किसने रखा तथा क्यों ?

(*v*) सत्यधन कट्टो का विवाह बिहारी से क्यों करवाना चाहता है ?

(*vi*) 'परख' शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(*vii*) विवाह के बाद कट्टो और बिहारी कैसा जीवन जीने का निश्चय करते हैं ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) सूबे के गवर्नर ने दीक्षांत समारोह में आने की क्या शर्त रखी थी ?

(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(*ii*) 'पीयर्स' के विचार में 'शिक्षक' शब्द कैसे सार्थक बनता है ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

(*iii*) 'लेट अस लिव फॉर चिल्ड्रन'—इस मोटो का पालन लक्ष्मी नारायण माथुर ने किस प्रकार अपनाया ?

(मेरे पिता : लक्ष्मी नारायण माथुर)

एक-एक उद्गार को जानते हैं। उनका मन हमारी आँखों के सामने आईने की तरह खुला हुआ है। जीवन में ऐसे प्राणी कहाँ मिलते हैं जिनके अंतःकरण में हम इतनी स्वाधीनता से विचरण कर सकें। सच्चे साहित्यकार का यही लक्षण है कि उसके भावों में व्यापकता हो। वह विश्व की आत्मा से इतनी आत्मीयता स्थापित कर लेता है कि उसका भाव प्रत्येक प्राणी का भाव बन जाता है।

अथवा

अखबारी हिंदी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5. दी गई स्थितियों में से किसी **एक** का चित्रण कीजिए : 5

(क) पुस्तक-प्रदर्शनी

(ख) बाज़ार की रौनक।

6. किसी **एक** विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए : 5

(*i*) वैश्वीकरण

(*ii*) नर हो **न** निराश करो मन को

(*iii*) मानवतावाद **बनाम** आतंकवाद।

7. (क) कोश का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके किन्हीं **दो** प्रकारों का परिचय दीजिए। 4

(ख) शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 4

प्रसंग, न्यायालय, दु:ख, संवेदन, विचित्र, रहस्य, कलेवर, हरियाली।

8. (क) कोष्ठक में दिये गए निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए : 3

(*i*) मैंने एक घड़ी खरीदी जो बैटरी से चलती है।

(सरल वाक्य)